छतरी का यथावत स्थान पर पुनर्निर्माण हो

कोटा, (निसं)। राजपूत समाज के पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि कोटा में नवीन एयरपोर्ट के निर्माण के लिए कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा तुलसी ग्राम में बूंदी नरेश राव श्री सूरजमल जी हाड़ा की स्मृति में 600 वर्ष पूर्व निर्मित ऐतिहासिक छतरी को ध्वस्त कर दिया गया।

रियासतकाल में प्रजापालक, धर्मरक्षक वीर योद्धाओं के शौर्य और साहस को जीवन्त रखने के लिए इन छतरियों का निर्माण करवाया जाता था ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके पराक्रम को याद रखें किंतु केडीए द्वारा हमारी गौरवशाली संस्कृति के इस प्रतीक को जिस प्रकार नष्ट किया गया उससे जनभावनायें आहत हुई हैं। मैं आपके ध्यान में लाना चाहूंगा कि इस्लामिक आक्रमण के समय विभिन्न राज्यों से देवी देवताओं की प्रतिमाओं को बचाने के हमारे प्रदेश में लाया गया क्योंकि यह माना जाता था कि राजपूताना में यह सुरक्षित रहेंगी और हमने प्राणों का बलिदान देकर भी उन्हें सुरक्षित रखा। लेकिन विडम्बना है कि हमारे ही शासन में हम अपने ही राजा की स्मृति में निर्मित धरोहर को नहीं बचा पाये। प्राधिकरण की इस गैर जिम्मेदाराना हरकत से राजपूत ही नहीं सर्वसमाज में आक्रोश व्याप्त है। इस हेतु मेरा आपसे अनुरोध है कि राव श्री सूरजमल जी हाड़ा की भव्य छतरी का यथावत स्थान पर पुनर्निर्माण किया जाये तथा निर्माणाधीन एयरपोर्ट का नाम राजा सूरजमल जी हाड़ा के नाम पर रखा जाये।

'डबल इंजन सरकार किसानों को डीएपी खाद एवं यूरिया तक नहीं दे रही'

देहात कांग्रेस सेवादल की लसेडिया में बैठक सम्पन्न हुई

कोटा, (निसं)। कोटा देहात कांग्रेस सेवादल की आवश्यक बैठक रविवार को लसेडिया गांव मे सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि कोटा शहर एव देहात कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज दुबे थे। बैठक की अध्यक्षता सांगोंद नगर पालिका के पूर्व वाईस चेयरमैन शकील मिर्जा ने की। बैठक मे कोटा देहात कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष राकेश कुमावत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।बैठक की शुरुआत ध्वजबंदन से व समापन राष्ट्रगीत से हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज दुबे ने कहा की भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को डीएपी खाद एवं यूरिया तक नहीं दे पा रही है। रबी की फसलों की बुवाई से पहले ही डीएपी खाद की किल्लत से किसान परेशान होकर सहकारी समितियों के चक्कर काटने को मजबूर है। अमृतकाल मे देश का किसान फसल के उचित दाम, खाद-बीज, बिजली, नहरी पानी के संकट से जूझ रहा है। मनोज दुबे ने सोयाबीन के दाम 8000, गेहूं के दाम 3500, धान के दाम 4000 और मक्का के दाम 3000 रूपये प्रति क्विंटल करने की मांग करते हुए कहा की केंद्र सरकार ने खरीफ फसलों सोयाबीन धान मक्का आदी का समर्थन मूल्य लागत खर्च से भी कम घोषित कर किसानों के साथ घोर अत्याचार किया है महाराष्ट्र, कर्नाटक व मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीद कर रही है।

कोटा देहात इलाके में सेवादल की बैठक को मनोज दुबे ने संबोधित किया है।

फिर राजस्थान के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। राजस्थान के सोयाबीन किसानों की भी समर्थन मूल्य पर खरीद हो। केंद्र सरकार सोयाबीन धान मक्का आदि खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को राहत प्रदान करें। मनोज दुबे ने कहा की अतिवृष्टि ने किसानों के अरमानों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। प्रथम दृष्टया फसलों का 70-80 प्रतिशत नुकसान हो चुका है। वहीं सोयाबीन, धान, मक्का, उड़द जैसी फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। भारी बरसात से गरीब किसानों के मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके चलते हजारों लोग बेघर होने को मजबूर हैं। सरकार पीड़ित किसानों को अविलंब मुआवज़ा दे। कोटा देहात काग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष राकेश कुमावत ने कहा की केंद्र सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन किसान को उपज का लागत मूल्य भी नही मिल रहा है। जिससे किसानो मे भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस सेवादल किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करेगी।

'नियमित योगाभ्यास से रख सकते हैं हृदय को स्वस्थ'

कोटा। महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे द्विवार्षिक ज्ञान ज्योति पर्व की श्रृंखला में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष में आर्य उप प्रतिनिधि सभा द्वारा विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग तथा पतंजलि योग समिति कोटा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय रोगों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने के अंतर्गत विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।

शास्त्री ने बताया कि विश्व हृदय दिवस 29 सितंबर के अवसर पर विज्ञान नगर स्थित मुकेश गोयल पार्क में हृदय के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन प्रात: काल किया गया।

योग शिविर में अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नियमित योगाभ्यास प्रात: काल भ्रमण हृदय के स्वस्थ बनाए रखने के लिए अत्यंत लाभकारी है।

वर्तमान युग में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए, नियमित रूप से शुगर बीपी इत्यादि की जांच करवा करके संभावित बीमारियों से बचा जा सकता है, सीने में दर्द एवं जलन होने पर तुरंत समीप के अस्पताल में जाकर के संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वैद्य डॉ. सत्य प्रकाश गौतम ने कहा कि आयुर्वेद में हृदय के स्वस्थ रखने के लिए बहुत दिशा निर्देश उपलब्ध हैं।

सार-समाचार

हेल्दी हार्ट के लिए दौड़ा कोटा

कोटा, (निसं)। कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट एवं श्रीजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में वर्ड हार्ट डे मनाया गया। इस अवसर पर हार्ट रन, योगा सत्र व हैल्थी रेसेपी कोन्टेस्ट का आयोजन किया गया। हार्ट रन की शुरूआत सिटी एस.पी. डॉ.अमृता दुहन व अजय सेठी ने हरी झंडी दिखा कर किया। कुल 5 कि.मी. रन में बच्चों से लेकर सिनियर सिटीजन का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरूआत में फिटनैस स्क्वायर के निदेशक अमित चतुर्वेदी, आकांशा एवं शिवानी ने विभिन्न कसरतों का प्रशिक्षण दिया व जुम्बा कराया। हार्ट रन श्रीजी हॉस्पिटल से शुरू होकर वापस श्रीजी हॉस्पिटल पर समाप्त हुई। तीनो गतिविधियों के लिए 4000 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया। हेल्थी हार्ट रेसपी प्रतियोगिता में ममता साहू प्रथम, सतविंदर कौर द्वितीय और तितिक्षा तृतीय स्थान पर रही। डायटिशियन चॉइस अवार्ड से गरिमा को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को हार्ट रन टीशर्ट, हुडी बैग व खाद्य सामग्री वितरित की गई। सहभागी इटोस इवेंट्स व कोटा इवेंट एसोसिएशयन के नीलेश अग्रवाल, फिटनैस स्क्वायर जिम के अमित चतुर्वेदी, कोटा सहोदय कोम्पलेक्स के प्रदीप गौड़, रोटरी क्लब के घनश्याम मुँदड़ा, लॉयेंस क्लब कोटा टेक्नो की रजनी गुप्ता, एलन केरियर इंस्टीट्यूट प्रा.लि. के राजेश महेश्वरी को डॉ.नीता जिंदल द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। छाबड़िया साईकिल निदेशक के हेमन्त छाबड़िया द्वारा लक्की ड्रॉ में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के विजेता के लिए साईकिल प्रायोजित की गई। लक्की ड्रा के विजेता शिवांगी राठौर रही। इस परिवारिक आयोजन में बच्चों ने खुब मौज-मस्ती करते हुए सम्मिलित हुए, जिनका रनवे पर मोटू-पतलू व मिक्की माऊस ने गुड, मूंगफली की पट्टी वितरित कर स्वागत किया। कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.राकेश जिन्दल के अनुसार इसी कड़ी के आगे बढ़ाते हुए दूसरे आयोजन में हृदय विकारों से ग्रसित व्यक्ति को एक गुणवक्ता पूर्ण जीवन-यापन करने का शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाऐग।

सफाई अभियान चलाया

कोटा, (निसं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को देवाशीष सिटी में वॉटर टैंक के पास पार्क की सफाई की गई जिसमें सोसायटी के पदाधिकारी, कर्मचारी और वहां सेवा दे रहे लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। देवाशीष आवासीय कल्याण समिति एवं फिनिश समिति के तत्वावधान में बृहद सफाई अभियान चलाया गया। देवाशीष सिटी आवासीय कल्याण समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि रविवार को खराब पड़े'' पार्क की भी सूरत बदल दी गई और वहां भी सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ किया गया। पार्क का नामकरण करते हुए आजाद पार्क नाम रखा गया।

विश्व हृदय दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। विश्व हृदय दिवस पर रविवार को चिकित्सा विभाग की ओर से अस्पतालों में स्क्रीनिंग व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'यूज हार्ट फ़ॉर एक्शन' पर होर्डिंग्स, पोस्टर प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियां की गई। सीएमएचओ डॉ.जगदीश सोनी ने सुबह स्वास्थ्य भवन से जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजकीय चिकित्सा संस्थानों में हृदय रोग, डायबिटिज व हायपरटेंशन के स्क्रीनिंग केम्प आयोजित हुए। इनमे लोगों को दिल की अच्छी सेहत के लिए तम्बाकू, धूम्रपान व शराब आदि से दूर रहने, मानसिक तनाव, मोटापे से बचने और वजन नियंत्रित रखने, कम नमक व तेल का उपयोग करने, नियमित रूप से सक्रिय रहने व व्यायाम, साइक्लिंग अथवा स्वीमिंग आदि करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

120 मरीजों की निशुल्क जांच

कोटा, (निसं)। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान की ओर से रविवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व निशुल्क जांच व परामर्श शिविर का आयोजन गुमानपुरा स्थित शांति प्रकाश हाल में किया । शिविर संयोजक रवि बृजवानी ने बताया हृदय दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक व सीनियर इंटरनेशनल कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. राकेश जिंदल ने हृदय से संबंधित रिस्क फैक्टर व स्वस्थ जीवन शैली पर विचार रखें।

कोटा दशहरे में इस बार 3-डी होगा रावण, दहन से पहले जलाई जाएगी सोने की लंका

कोटा, (निसं)। हर साल की तरह इस बार भी नगर निगम जोर-शोर से दशहरे मेले की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस बार 131वां राष्ट्रीय दशहरा मेले को खास बनाने के लिए कई तरह के प्रयास किए गए हैं इस बार रावण की साईज को बढ़ा दिया गया है। साथ ही इस बार रावण में भी खास फीचर जोड़े गए हैं। इसके तहत 3-डी रावण बनेगा जिसे दूर से देखने पर भी वह काफी नजदीक खड़ा हुआ लगेगा। पुतले में मूंछ, कवच व कपड़े 3-डी में दिए गए हैं। इन सबको उभार के रूप में बनाया गया है। इसमें काफी मेहनत करनी पड़ती है। पुतले से अलग बनाकर इन्हें आगे की तरफ लगाया जाता है। रावण बनाने वाले कारीगर जमशेद अली का कहना है कि इस बार रावण की मूंछें, तलवार, गर्दन, होठ और सिर भी मूवमेंट करेगा। कुम्भकरण और मेघनाथ सिंपल रहेंगे लेकिन कलर और टेक्सचर और डिजाइनिंग पहले से अलग बनाया जाएगा। ये भी काफी अच्छे लगने वाले हैं। हमने 80 फीसदी काम कर दिया है केवल कलर पेपर लगाने का काम बचा हुआ है। जमशेद अली गुड्डू ने बताया कि इसे बनाने में तीन क्विंटल से ज्यादा रस्सी लगाई जा रही है। इसके अलावा 500 बांस बांधे जा रहे हैं। एक बांस की लंबाई 24 फीट थी जिन्हें काट कर अलग-अलग रूप में शेप दिया जा रहा है।

कोटा राष्ट्रीय दशहरे मेले में इस बार रावण को 3डी स्वरूप दिया गया है ।

करीब 500 किलो के आसपास इसमें कागज और रद्दी लगाई है। इसके अलावा 2 क्विंटल से ज्यादा मैदा की लुगदी भी इसमें बनाई गई है ताकि रद्दी को चिपकाया जा सके। इसके साथ ही वाटरप्रूफ पेपर का भी प्रयोग इसमें किया है वहीं 150 साड़ियां भी लगाई गईं हैं। इसके कलर टेक्सचर के जरिए ही इसे 3-डी रूप दिया जा रहा हैं। दशहरा मेले के आयोजन के अध्यक्ष विवेक राजवंशी का कहना है कि इस बार रावण की लंबाई 80 फीट है। जबकि कुम्भकरण और मेघनाथ की ऊंचाई 60 फीट रखी गई है। सभी पुतलों की ऊंचाई में बीते साल से 5 फीट की बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे मेला परिसर को भगवान राम और रामायण की थीम पर ही तैयार किया गया है ताकि यह लगे कि यह दशहरा मेला है।

सभी प्रवेश द्वारों को रामायण के पात्रों के नाम दिए गए हैं जैसे जटायु, श्रीराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, मां आशापुरा, लव-कुश, हनुमान, नीलकंठ, अंगद, परशुराम, सुग्रीव, बाली, नल-नील, अशोक वाटिका और विभीषण द्वार नाम दिए गए हैं। बाजारों के नाम बदलकर माता अन्नपूर्णा बाजार, मां कौशल्या बाजार और माता जानकी बाजार नाम दिया गया है। इस बार मेले में राम दरबार की दिव्य झांकी भी बनवाए जाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

वंदे भारत ट्रेन के सफर का तोहफा

बून्दी। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरूंधन की चार बोर्ड परीक्षा टॉपर बालिकाओं को शोभा एजुकेशन सोसायटी कोटा की प्रसिडेंट व केबीसी विनर अध्यापिका शोभा कँवर ने अपने वादे के अनुसार विद्यालय की चार टॉपर बालिकाओं खुशी सोलंकी, प्रतिभा मेवाड़ा, अर्चना मेघवाल व शिक्षा कुमारी को वंदे भारत ट्रेन के एकजुकेटिव क्लास में यात्रा करवा कर आगरा का ताजमहल और फतेहपुर सीकरी व अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाकर सफलता का तोहफा प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि एक सक्रिय अध्यापिका के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शोभा कर अनवरत छात्र - छात्राओं को मोटिवेट करने के लिए कोई न कोई नवाचार करती रहती हैं।इस बार उन्होंने वंदे भारत ट्रेन में सफर करवाया है। बेटियों ने पहली बार रेल का सफर कर इसे यादगार बताया बेटियां सफर से काफी रोमांचित महसूस हुई।

बुजुर्ग से वारदात करने वाले दो आरोपी पकड़े

कोटा, (निसं)। शहर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बुजुर्ग के साथ वारदात करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डॉ.अमृता दुहन आईपीएस पुलिस अधीक्षक कोटा शहर ने बताया कि फरियादी ने थाना गुमानपुरा पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय कि पेश की कि 26 सितंबर को बस से बारां से कोटा आया था यहां घोडा वाला बाबा चौराहा पर उतर के केशवपुरा जाने के लिये एक ऑटो में बैठा ऑटो चालक उसे केशवपुरा की जगह डीसीएम रोड की तरफ ले गया और इधर-उधर घुमाने के बाद उसकी जेब से 50 हजार रूपये निकालकर एयरपोर्ट के सामने छोडकर फरार हो गयें। शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रांरभ किया गया। बुजुर्ग के साथ में हुई चोरी की गंभीर वारदात को देखते हुये दिलीप कुमार सैनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा शहर के सुपरविजन में राजेश कुमार टेलर आरपीएस वृताधिकारी वृत प्रथम कोटा शहर के निर्देशन में भूरीसिंह पु.नि., राम किशोर गुप्ता हैडकानि, नरेश कानि जीतराम कानि, महेन्द्र कानि, टीम का गठन करते हुए अज्ञात मुलजिमानों की तलाश तकनीकी सहायता एवं आसूचनाऐं एकत्रित कर संभावित स्थानों पर टीम द्वारा दबिशें दी गई।

किट बांटे

कोटा, (निसं)। जय शिव शंकर पूज्य सिंधी पंचायत सेक्टर-4 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा पर रविवार को सिंधी समाज के भामाशाह दौलतराम लालवानी के द्वारा 10 किलो गेहूं व 5 किलो चावल के किट सिंधी समाज की विधवा परित्यागिता व जरूरतमंद महिलाओं को वितरित किये गये। पंचायत अध्यक्ष शमशेर परमानी ने बताया कि सिंधी समाज की 75 महिलाओ को झूलेलाल मंदिर परिसर में गेंहू व चावल के किट का वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य को लगातार जारी रखा जायेगा।

धारा 163 लागू फिर भी निकाला गुर्जर समाज ने जुलूस

झालावाड । जिले जिला प्रशासन की ओर से में धारा 163 की निषेधेज्ञा लागू की है जिसके बावजूद झालावाड में 29 सितंबर रविवार को सम्राट मिहिर भोज की जयंती के अवसर पर गुर्जर समाज के द्वारा सैकड़ों की तादाद में एकत्रित होकर विशाल वाहन रैली निकली गई जो खंडिया चौराहे से चलकर धनवाडा स्थित देव नारायण मंदिर पर जाकर सभा में बदल गई जहां उत्तर प्रदेश से आए गुर्जर स्वाभिमान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र भाटी, दिल्ली से आए कपिल गुर्जर और मध्य प्रदेश से भी आए गुर्जर समाज के नेताओं ने लोगों को संबोधित भी किया।

इधर गुर्जर रैली में शामिल हुए गुर्जर स्वाभिमान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र भाटी ने कहा कि देश में सभी महापुरुषों की जयंती मनाई जाती है. गुर्जर समाज के महापुरुष की जयंती पर रैली निकालने की संविधान हमें इजाजत देता है. उन्होंने कहा कि रैली को निकालने के लिए यहां के प्रशासन से समाज के द्वारा तीन बार अनुमति मांगी गई थी. उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रशासन ने राजनीतिक दबाव के चलते अनुमति नहीं दी।

वही दूसरी तरफ जब राजपूत समाज के लोगों को गुर्जर समाज द्वारा रैली निकाले जाने की भनक लगी तो उनका गुस्सा भी फूट पड़ा और वह भी सड़कों पर उतर गए जहां उन्होंने सिटी फॉर लेन पर कोतवाली के सामने टायर जला कर जाम लगा दिया और वही पर धरने पर बैठकर नारे बाजी जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे जिससे स्तिथि तनाव पूर्ण हो गई राजपूत समाज के लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने उनके साथ वादाखिलाफी की और धोखा किया पुलिस और प्रशासन ने उन्हें धोखे में रखा और गुर्जर समाज ने आज रैली निकाल दी है। उसके लगभग 2 घंटे बाद जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड और जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे राजपूत समाज के लोगो को समझाइश कर सड़क पर से उठवाया और लग रहे जाम को खुलवाया

राजपूत समाज के लोगो ने सबसे पहले मांग की के पुलिस हिरासत में लिए गए रविन्द्र सिंह को छोड़ा जाए।

कोटा में माइनस 5 डिग्री तापमान

कोटा, (निसं)। उमस भरे मौसम से परेशान कोटा के लोगों को इस बार मेले में राहत मिलेगी। मेले में उन्हें इस बार बिना कश्मीर जाए वहां की ठंडक का एहसास होगा। -5 डिग्री तापमान में वे बर्फ से ढके पहाड़ और सेब के बगीचे देख सकेंगे। कश्मीर पाण्डाल का सेटअप लगाने के लिए तकरीबन 100 से 150 कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। यहां पर 70 गुणा 200 वर्ग फीट का डोम तैयार किया जा रहा है। इसके बाद रंग रोगन किया जाएगा। व्हाइट सैंड से बर्फ के दृश्य तैयार किए जाएंगे। मॉडल खड़ा करने के लिए तमिलनाडु, हैदराबाद, लखनऊ और दिल्ली से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। वहीं स्थानीय कारीगर भी इस काम में जुटे हुए हैं। इससे पहले जयपुर और जोधपुर में भी यह सेटअप लगाया जा चुका है। पूरे सेटअप को मेला उद्घाटन के दिन 3 अक्टूबर तक तैयार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि इस बार मेले में आने वाले लोगों को कश्मीर की वादियां भी दिखाई देंगी। इसके लिए एक विशेष पाण्डाल मेला परिसर में आकार ले रहा है। पाण्डाल के भीतर तापमान शून्य से 5 डिग्री नीचे रहेगा। इस ठंडक भरे माहौल में लोगों को बर्फ से घिरे मकान, ट्यूलिप गार्डन, सेब और अखरोट के बगीचे के हुबहू मॉडल देखकर कश्मीर की सैर करने जैसी अनुभूति मिल सकेगी। सेटअप तैयार कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि पाण्डाल में आर्टिफिशियल तरीके से स्नोफॉल होती दिखाई देगी।

चंबल नदी के चारों बांध फुल होने के बाद पानी की निकासी शुरू

चारों बांधों से की जा रही है पानी की निकासी

कोटा, (निसं)। प्रदेश में मानसून की अच्छी बारिश के बीच चंबल नदी के चारों बांध लबालब हो गए हैं। बांधों में पानी की आवक होने के बाद अब पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। कोटा बैराज से भी भारी पानी की निकासी चंबल नदी में शुरू कर दी गई है। कोटा बैराज के सात गेट खोले गए हैं जिनकी कुल ओपनिंग 54 फीट है। जल संसाधन विभाग की कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि कोटा बैराज से करीब 68 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जबकि बैराज में इनफ्लो 45,600 क्यूसेक हो रहा है। ऐसे में बांध का गेज 853 फीट पहुंच गया है जबकि इसका गेज 852 फीट पर मेंटेन करना है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता हरीश तिवाड़ी ने बताया कि गांधी सागर से 62,200 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिसमें तीन गेट खोलकर 58,500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है जबकि मशीन से 2600 क्यूसेक छोड़ा जा रहा है। गांधी सागर डैम की कुल क्षमता 1312 फीट है जबकि इसका गेज 1311.41 फीट पहुंच गया है। गांधी सागर से लगातार पानी निकासी होने के चलते राणा प्रताप सागर बांध भी फुल हो गया है। इसमें पानी का लेवल 1157.46 फीट तक पहुंच गया है। यहां पर इनफ्लो 66,000 क्यूसेक है।

चंबल नदी पर बने कोटा बैराज से भी पानी की निकासी की जा रही।

दो गेट पूरे खोल कर 68,600 और मशीन से 8900 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। इस बांध से कुल 77,500 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। जवाहर सागर डैम से 64,500 गेटों के जरिए डिस्चार्ज किया जा रहा है जबकि मशीन के जरिए 11200 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। यहां पर कुल 75700 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है।

इसके लिए 4 गेट 10-10 फ़ीट खोले गए हैं। इस बांध का गेज 975 फीट पर पहुंच गया है। चंबल नदी के चारों डैम फुल हो जाने के चलते किसानों के भी चेहरे खुशी से खिल गए हैं।

किसानों को खरीफ के सीजन में पर्याप्त पानी चंबल की नहरों से मिलेगा। इन बांधों से राजस्थान और मध्य प्रदेश की लाखों हेक्टेयर एरिया को सिंचित किया जाता है।

बच्चों के पढ़ने-लिखने हुई कार्यशाला

कोटा, (निसं)। अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जनजागृति अभियान के दौरान लोगों को मानसिक रोगों के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। रविवार को अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा बच्चों में पढ़ने या लिखने से संबंधित होने वाली परेशानियों के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मानसिक विकारों जो बच्चों में पढ़ने व लिखने की समस्या के लिए जिम्मेदार होते हैं, इनके लक्षण, संभावित कारण, इनसे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। लर्निंग डिसेबिलिटी एक ऐसा विकार है जो पढ़ने, लिखने और गणना करने जैसे शैक्षणिक कौशल प्राप्त करने और उनका उपयोग करने की क्षमता को प्रभावित करता है। सीखने की अक्षमताएँ हर व्यक्ति में अलग-अलग होती हैं और कई तरह से सामने आ सकती हैं जैसे लिखने में कठिनाई, गणना करने में दिक्कत, पढ़ने में परेशानी, भाषा के उपयोग में कठिनाई आदि। इसके कारणों में आनुवांशिकी, पारिवारिक इतिहास, जन्म से पहले या दौरान कोई जोखिम भरी घटना, दिमाग में रसायनिक परिवर्तन आदि शामिल हैं। इन विकारों की पहचान के लिए कुछ मानसिक और शारीरिक जांचें होती हैं, जिनके बाद उपचार शुरू किया जा सकता है।

मन की बात सुनी

बूंदी। मन की बात में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के सभी युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए और अपने देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा बढ़ेगा तभी देश बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम रविवार को न्यू कॉलोनी स्थित शहर अध्यक्ष कार्यालय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान के तहत भाजपा के सदस्य भी बनाए गए। शहर अध्यक्ष श्रृंगी ने बताया कि सदस्यता अभियान के साथ-साथ आम जन को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान पार्षद मानस जैन ,हेमंत मीणा, जसविंदर सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भरतपुर, भरतपुर, 138080730013649, भरतपुर राजस्थान, 135690700009408, 9420, 135690730038769, 8784, 8785, 8926, 8938, 8947, 8991, 8992, कोटा, गुमान पुरा, 112700700033520, 3537, 3550, 3561, 3582, 112700730059019, 9033, 9048, 9069, 9171, 9208, 112700750000045, केशवपुरा कोटा, 114320700024188, 4239, 4245, 114320730043034, 3050, 3183, 114320750000005, कोटा जंक्शन, 112630700027564, 7565, 7576, 7589, 7605, 7618, 7625, 7646, 7651, 7661, 7714, 112630730039612, 9622, नयापुरा कोटा, 112380700026409, 6441, सवाई माधोपुर, सवाई माधोपुर, 135230730045063, 5218,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.